an>

Title: Need to reduce the prices of all life savings drugs and other generic medicines particularly stents in the country.

डॉ. किरिट पी. सोलंकी: महोदया, मैं आपका अत्यंत आभारी हूँ कि आपने मुझे एक महत्वपूर्ण विषय सदन में उठाने की अनुमति दी है। जहाँ तक गरीब आदमी का सवाल है, जहाँ तक आम आदमी का सवाल है, स्वास्थ्य सुविधा, चिकित्सा और ट्रीटमैंट उनके लिए आजकल बहुत महंगा हुआ है। जहाँ तक अपनी सरकार का सवाल है, मैं भारत सरकार को और स्वास्थ्य मंत्रालय को बधाई देता हूँ कि जनरिक मैंडिसिन और औषधियों के माध्यम से, जन औषधी स्टोर के माध्यम से गरीबों तथा आम आदमी को जो किफायती दर पर औषधियाँ मुहैया कराई जाती हैं, इस सरकार के इस कदम की वजह से करीब 80 प्रतिशत दवाइयाँ और औषधियाँ सस्ती हुई हैं और आम आदमी की पहुँच में आई हैं। मैं आपके माध्यम से सरकार से प्रार्थना करता हूँ कि लोगों के लिए ज्यादा से ज्यादा जन औषधि स्टोर खुलवाए जाएँ। जहाँ तक जानलेवा बीमारियों का सवाल है, डायबिटीज़, हार्ट डिसीज़ और कैंसर की दवाइयाँ और भी किफायती दर पर मुहैया करवाई जाएँ।

12.39 hours (Hon. Deputy-Speaker *in the Chair*)

महोदय, मैं एक और बात की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ। जहाँ तक हार्ट अटैक का सवाल है, जहाँ तक कार्डियैक बीमारी का सवाल है, एंजियोग्राफी और एंजियोप्लास्टी में आजकल जो स्टैन्ट डाले जाते हैं, उस पर कोई एम.आर.पी. नहीं होती है, बहुत महंगी कीमत पर आज स्टैन्ट बेचे जाते हैं। मैं सरकार से अनुरोध करता हूँ कि स्टैन्ट के ऊपर एम.आर.पी. लिखी होनी चाहिए। जो सिम्पल स्टैन्ट होते हैं और मैडिकेटेड स्टैन्ट होते हैं, उनकी एम.आर.पी. को निश्चित किया जाए जिसकी वजह से आम आदमी को सुविधा मुहैया हो सके और हम उनको किफायती दर पर यह सुविधा उपलब्ध करा सकें।

HON. DEPUTY SPEAKER: Dr. Manoj Rajoria, Shri P.P. Chaudhary, and Kunwar Pushpendra Singh Chandel are permitted to associate with the issue raised by Dr. Kirit P. Solanki.